# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Periodic Test-III (Round-I) 2025 – 2026**

**Class: 7** | **MM: 20**
**Subject: HINDI** | **Time: 1Hrs.**

**1.निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-1X4=4**

भारत हम सभी का घर है और हम सभी इस घर के सदस्य हैं। हमें आपस में मिल-जुलकर रहना चाहिए। यदि घर में संगठन नहीं होगा तो घर के सभी सदस्यों में आपस में कलह और द्वेष बढ़ेगा। जिस घर में फूट हो, उस घर की कोई इज्ज़त नहीं करता। इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब-जब हममें संगठन का अभाव हुआ, तब-तब हम गुलाम हो गए। जयचंद जैसा घर का भेदी होने के कारण भारत पराधीन हुआ। आपसी संगठन के अभाव के कारण ही 1857 का स्वतन्त्रता-संग्राम असफल हुआ। आपसी कलह और फूट के कारण ही 1947 में हमारे देश का विभाजन हुआ। स्वतन्त्रता-प्राप्ति के बाद आज फिर फूट डालने वाली शक्तियाँ सिर उठा रही है। ऐसी स्थिति में यदि हम सभी भारतवासी आपस में संगठित रहेंगे तो कोई भी बाहरी शक्ति और देश हमारा कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता है। एकता और संगठन में बड़ी शक्ति होती है। पानी की एक-एक बूँद से सागर भर जाता है। अनेक धागे मिल कर जब रस्सी बनती है तो बड़े-बड़े हाथी भी उससे बाँधे जा सकते हैं। आग की छोटी-छोटी चिंगारियाँ मिलकर महाज्वाला बनती हैं और बड़े-बड़े जंगलों और भवनों को स्वाहा कर डालती हैं।

**(i) घर में संगठन न होने से क्या बढ़ता है?**

(अ) कलह (ब) द्वेष

(स) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

**(ii) 1857 का स्वतन्त्रता-संग्राम असफल क्यों हुआ?**

(अ) आपसी संगठन के अभाव के कारण (ब) एकता के कारण

(स) धन के अभाव के कारण (द) कम लोग आज़ादी के लिए लड़ रहे थे

**(iii) कथन (A) और कारण (R)को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन(A)-हमें आपस में मिल-जुलकर रहना चाहिए।**

**कारण(R)-आपसी कलह और फूट के कारण ही 1947 में हमारे देश का विभाजन हुआ।**

(अ) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(iv) "एकता और संगठन में बड़ी शक्ति होती है।" इसका क्या अर्थ है?**

**2.दिए गए प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-** 1X4=4

(i) भूतकाल के कितने भेद होते हैं?

(ii) 'माँ मुझे पढ़ा रही थी।' वाक्य किस काल का उदाहरण है?

(iii) सामान्य भविष्यतकाल का एक उदाहरण लिखिए।

(iv) संदिग्ध वर्तमानकाल का एक उदाहरण लिखिए।

**3.काव्य पाठ के आधार पर दिए गए तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए-** 2X2=4

(i) 'एक तिनका' कविता के कवि का नाम लिखिए।

(ii) आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई?

(iii) घमंडी की आँख से तिनका निकालने के लिए उसके आसपास के लोगों ने क्या किया?

**4.गद्य पाठ के आधार पर तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए-** 2X2=4

(i) दक्षिण भारत के प्रमुख व्यंजन का नाम लिखिए।

(ii) स्थानीय व्यंजन या स्थानीयता का क्या अर्थ है?

(iii) पार्टी और प्रीतिभोज में लोग अपने भोजन का आनंद क्यों नहीं ले पाते हैं?

**5.विद्यालय परिवार की ओर से एक पिकनिक का आयोजन किया गया है। पिकनिक पर जाने हेतु विद्यालय की हेड गर्ल की ओर से एक सूचना लिखिए।** 1X4=4

**अथवा**

**आप फीस जमा करवाने के लिए रुपये लाए थे। दुर्भाग्यवश वे रुपये विद्यालय प्रांगण में कहीं गिर गए। इस संबंध में कक्षाध्यापिका की ओर से सूचना जारी कीजिए।**